**दिनांक 06.05.2026 को अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में रू0 50.00 करोड़ से अधिक राशि की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारी/संवेदक के प्रतिनिधिः—**

1. श्री अनवर जमील, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री धर्मेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. श्री शम्स परवेज, मुख्य अभियंता, यांत्रिक, जल संसाधन विभाग, पटना।
4. श्री प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल—2, पटना।
5. श्री परशुराम यादव, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल—4, पटना।
6. श्री जयन्त कुमार, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यांत्रिक मोनिटरिंग एवं निस्तारण प्रमंडल, पटना।
7. श्री सुमन बेदी, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल—2, पटना।
8. सुश्री स्मृति, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल—2, पटना।

**V.C. के माध्यम से उपस्थित पदाधिकारी/संवेदक के प्रतिनिधि**

1. श्री अनिल कुमार मंडल, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा।
2. श्री भुपेन्द्र प्रसाद, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, मधुबनी।
3. श्री शम्भू कुमार, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर।
4. श्री बीरेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, दरभंगा।
5. श्री नवीन कुमार, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर।
6. श्री कन्हैया कुमार, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा।
7. श्री अंगेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, झंझारपुर।
8. श्री आयत करीम, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, बेनीपट्टी।
9. श्री युवराज अमन, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, कुनौली।
10. श्री ब्रजेश कुमार निराला, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, मधुबनी।
11. श्री अमित कुमार, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खुटौना।
12. श्री पियुष प्रकाश, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खजौली।
13. श्री अशोक कुमार, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, अंधराठाढ़ी।
14. श्री सुरेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, केवटी।
15. श्री अनिल कुमार, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, राजनगर।
16. श्री मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, सकरी।
17. श्री अमोद कुमार, कार्यपालक अभियंता, कमला नहर प्रमंडल, जयनगर।
18. श्री V. Nagaraju, Associate Vice President, Megha Engineering & Infrastructure Ltd., Hyderabad.

1. **पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य** :—

पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य के विस्तृत योजना प्रतिवेदन, जिसकी प्राक्कलित राशि रूपये 8338.89 करोड़ (प्राइस लेवल जून 2025) है, को दिनांक 08.07.2025 को जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, जल शाक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली में सम्पन्न तकनीकी सलाहकार समिति की 159 वीं बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई।

उक्त योजना अन्तर्गत पश्चिमी कोशी मुख्य नहर के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 35.13 (नेपाल भाग) तक एवं भारतीय भाग में आवश्यकतानुसार पश्चिमी कोशी मुख्य नहर एवं इसके वितरण प्रणालियों का लाईनिंग कार्य, क्रॉस ड्रैनेज संरचनाओं, गेट एवं क्षतिग्रस्त संरचनाओं का

नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य एवं नये संरचनाओं का निर्माण कार्य, नहरों के बांध पर सेवा पथ का निर्माण कार्य, 58658 हे0 कृषि योग्य कमाण्ड क्षेत्र के सृजन हेतु उग्रनाथ शाखा नहर, विदेश्वरस्थान उपशाखा नहर एवं काकरघाटी शाखा नहर का विस्तारीकरण कार्य तथा उपवितरणी तक नहरों में स्काडा प्रणाली लगाने का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।

विभागीय पत्रांक 1234 दिनांक 17.07.2025 द्वारा उक्त कार्य हेतु राशि रू0 7832.29 करोड़ की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदत्त है। विभागीय पत्रांक 1273 दिनांक 22.07.2025 द्वारा उक्त योजना को दो भागो में विभक्त किया गया है :–

(क) भाग–(ए) निर्मित नहर प्रणाली पर कराये जाने वाले कार्य (रु0–3596.00 करोड़)

(ख) भाग–(बी) नहर विस्तारीकरण का कार्य (रु0–4237.00 करोड़) जिसमें भू–अर्जन सम्मिलित है।

पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य (पार्ट–ए) अन्तर्गत निर्मित नहर प्रणाली पर कराये जाने वाले कार्य अंतर्गत राशि रू0 3484.24 करोड़ का एकरारनामा कर कार्य संवेदक को आवंटित किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 27.09.2025 तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 26.09.2028 है। (पार्ट–बी) अंतर्गत 80 प्रतिशत भू–अर्जन की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत निविदा आमंत्रित करने की कार्रवाई किया जाना है। इस योजना के तहत मधुबनी एवं दरभंगा जिला में कृषि योग्य कमाण्ड क्षेत्र (सी0सी0ए0) 215672 हे0 तथा वार्षिक सिंचन क्षमता 291158 हे0 है। इस योजना को मार्च 2029 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि माईलस्टान के अनुसार प्रावधानित भौतिक प्रगति 12.00 प्रतिशत के विरुद्ध कार्य की अद्यतन भौतिक प्रगति 3.31 प्रतिशत है।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा बताया गया कि योजना में संलग्न कुल 11 (असैनिक) प्रमंडलों एवं एक यांत्रिक प्रमंडल में से वर्त्तमान में कुल 8 असैनिक प्रमंडलों में कार्य प्रगतिधीन है। वर्तमान में कार्यस्थल पर मशीनरी/सामग्री/मानवबल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा कार्य की प्रगति संतोषजनक है। वर्तमान में मधुबनी एंव दरभंगा जिला में वर्षापात होने के कारण कार्य की गति धीमी हुई है।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा बताया गया कि संवेदक द्वारा संशोधित वार्षित कार्यक्रम समर्पित किया गया था, परन्तु त्रुटिपूर्ण होने के कारण त्रुटि का निराकरण करने हेतु निदेशित किया गया। इस संबंध में मुख्य अभियंता, दरभंगाा को कार्य स्थल एवं कार्य की प्राथमिकता के आधार पर वार्षिक कार्यक्रम तैयार कर संवेदक से सहमति लेते हुए कार्य कराने हेतु निदेशित किया गया।

मुख्य अभियंता, दरभंगा द्वारा बताया गया कि कार्यस्थल पर प्राथमिकता के आधार पर स्थानांतरण किये जाने वाले विद्युत पोल हेतु कुल 10375 पोल का प्राक्कलन ऊर्जा विभाग, मधुबनी द्वारा उपलब्ध कराया गया है, जिसकी कुल राशि रू0 79.73 करोड़ है।

नेपाल सरकार द्वारा कार्य स्थल से विद्युत पोल तथा अतिक्रमण हटाने हेतु पूर्ण सहयोग किया जा रहा है तथा शीघ्रातिशीघ्र हटाने हेतु आश्वासन भी दिया गया है। भारतीय भाग में कार्यस्थल पर अतिक्रमण के संबंध में कार्यपालक अभियंता मधुबनी द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी मधुबनी द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में अतिक्रमणकारियों की सूची SDM/

थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी को भेज दिया गया है। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि ADM / DLO मधुबनी अतिक्रमणकारियों से संबंधित एक नये Format से सूचना उपलब्ध कराने की मांग की गई है। उक्त के लिए अमीन की आवश्यकता है। इस संबंध में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को क्षेत्रीय स्तर पर अमीन का व्यवस्था करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा / अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, दरभंगा / झंझारपुर / मधुबनी / जयनगर एवं कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा / केवटी / सकरी / झंझारपुर / कुनौली / खजौली / मधुबनी / राजनगर / खुटौना / बेनीपट्टी / अंधराठाढ़ी)**

2. **<u>मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर में कमला नदी पर निर्मित वीयर के बराज में रूपांतरण कार्य</u> :–**

मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर में कमला नदी पर निर्मित वीयर के बराज में रुपांतरण कार्य हेतु राशि रू0 405.6627 करोड़ (पुनरीक्षित 642.6437 करोड़) का प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति संसूचित है। इस योजना अंतर्गत कमला नहर प्रमंडल, जयनगर द्वारा प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति की राशि रू0 642.6437 करोड़ के विरुद्ध अद्यतन व्यय रू0 453.64 करोड़ (एकरारनामा पर व्यय–291.32 करोड़, भू–अर्जन–106.83 करोड़, पोल शिफ्टिंग–12.33 करोड़, यॉंत्रिक कार्य–40.42 करोड़ तथा मॉडल टेस्ट एंव अन्यान्य–2.74 करोड़) है। वित्तीय वर्ष 2026–27 में उक्त योजना हेतु रू0 32.50 करोड़ का उद्व्यय निर्धारित किया गया है तथा अद्यतन आवंटन रू0 12.00 करोड़ है।

समीक्षा के क्रम मे पाया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 79.35 प्रतिशत है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 05.05.2021 तथा कार्य समाप्ति तिथि 31.12.2025 है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में रू0 12.00 करोड़ का आवंटन निर्गत किया गया, जिसके विरूद्ध रू0 2.00 करोड़ व्यय प्रतिवेदित किया गया है। अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया कि मधुबनी जिलान्तर्गत कुल 61.64750 एकड़ भूमि का अधिग्रहण सतत लीज के तहत किया जाना था। भुगतान हेतु कुल 106.83 करोड़ आवंटन निर्गत है जिसे कार्यपालक अभियंता द्वारा भू–अर्जन पदाधिकारी, मधुबनी को भेजा जा चुका है। भू–अर्जन कार्यालय मधुबनी द्वारा दिनांक 05.03.2026 को कुल रकवा का भू–अधिपत्य उपलब्ध करा दिया गया है। वर्तमान में कार्य प्रगति में है। बराज के असैनिक कार्यों के साथ यॉंत्रिक गेटों के अधिष्ठापन का कार्य भी किया जा रहा है। विद्युत पोल एवं HT Line हटाने के संबंध में बताया गया कि Tower का निर्माण कार्य किया जा चुका है तथा तार Shifting का कार्य किया जा रहा है।

पुनरीक्षित योजना (प्राक्कलित राशि 642.6437 करोड़) में सम्मिलित मूल कार्य के अतिरिक्त कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कार्यान्वयन कराने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को निदेशित किया गया।

(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा / अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर / कार्यपालक अभियंता, कमला नहर प्रमंडल, जयनगर)

3. **<u>झंझारपुर शाखा नहर के वि०दू० 0.00 (कि0मी0 0.00) से वि०दू० 138.00 (कि0मी0 42.06) तक का कालीकरण कार्य</u>** :–

झंझारपुर शाखा नहर के वि०दू० 0.00 (कि0मी0 0.00) से वि०दू० 138.00 (कि0मी0 42.06) तक का कालीकरण कार्य की समीक्षा की गयी। इस कार्य हेतु रू0 128.609 करोड़ का प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति संसूचित है। समीक्षा के क्रम मे पाया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 96.00 प्रतिशत तथा एकरारित राशि रू0 124.653 करोड़ के विरूद्ध अद्यतन व्यय रू0 90.471 करोड़ है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में रू0 20.56 करोड़ का आवंटन निर्गत है, जिसके विरूद्ध रू0 3.21 करोड़ का व्यय प्रतिवेदित किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 11.03.2024 तथा कार्य समाप्ति तिथि 28.02.2025 है। शेष बचे कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर/कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, झंझारपुर)**

4. **<u>प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के आलोक में पुरानी कमलाधार, जीवछ नदी, पुरानी कमला नदी आदि को पुनर्जीवित करने एवं इससे सिंचाई सुविधा बढ़ाने तथा बाढ़ न्यूनीकरण कार्य</u>** :–

प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के आलोक में पुरानी कमलाधार, जीवछ नदी, पुरानी कमला नदी आदि को पुनर्जीवित करने एवं इससे सिंचाई सुविधा बढ़ाने तथा बाढ़ न्यूनीकरण कार्य हेतु विभागीय पत्रांक 180 दिनांक 05.02.2025 द्वारा राशि रू0 426.0144 करोड़ (बाढ़ प्रक्षेत्र–264.9329 करोड़, सिंचाई प्रक्षेत्र–161.0815 करोड़) की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदत्त है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 25.06.2025 तथा कार्य समाप्ति की तिथि 28.02.2027 है।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्य की अद्यतन भौतिक प्रगति 2.50 प्रतिशत तथा एकरारित राशि रू0 117.07 करोड़ के विरूद्ध अद्यतन व्यय रू0 6.36 करोड़ है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में रू0 1.136 करोड़ का आवंटन निर्गत है जिसके विरूद्ध रू0 0.50 करोड़ का व्यय किया गया है।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा बताया गया कि योजना में कुल 03 प्रमंडलों में से वर्त्तमान में कुल 02 असैनिक प्रमंडलों में कार्य प्रगतिधीन है। वर्त्तमान में कार्यस्थल पर मशीनरी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है तथा कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है। बलिया एवं देकुली वीयर मे Redesign की आवश्यकता बतायी गई। योजना अंतर्गत कुल 03 अद्द वीयर निर्माण कार्य में ग्रामीणों द्वारा विरोध की बात बताई गई। इसपर मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को इसका शीघ्र समाधान करने हेतु निदेशित किया गया।

इनरवा माईनर पर बनने वाले CD संरचना हेतु बाढ़ प्रमंडल एवं सिंचाई प्रमंडल द्वारा संयुक्त रुप से Alignment Final नहीं होने की बात बताई गई। इस पर समीक्षा बैठक

में उपस्थित कार्यपालक अभियंता, बाढ़ प्रमंडल सं0–2 झंझारपुर को शीघ्र Alignment Final करने हेतु निदेशित किया गया। योजना अंतर्गत जिस प्रमंडल में अबतक कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है उस प्रमंडल को कार्य प्रारंभ करने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, दरभंगा/जयनगर/मधुबनी /कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा/मधुबनी/खजौली/कार्यपालक अभियंता, बाढ़ प्रमंडल सं0–2 झंझारपुर)**

15.5.26
(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन
जल संसाधन विभाग, पटना।

ज्ञापांकः–(मो0) 2 दरभंगा–183/2023– 1016 /पटना, दिनांक : 18-05-2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

15.5.26
(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः–(मो0)2 दरभंगा–183/2023– 1016 /पटना, दिनांक : 18-05-2026

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

15.5.26
(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः–(मो0)2 दरभंगा–183/2023– 1016 /पटना, दिनांक : 18-05-2026

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15.5.26
(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः–(मो0)2 दरभंगा–183/2023– 1016 /पटना, दिनांक : 18-05-2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर/झंझारपुर/मधुबनी/दरभंगा तथा कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा/झंझारपुर/मधुबनी/राजनगर/बेनीपट्टी/खजौली/अंधराठाढ़ी/खुटौना/सकरी/कुनौली/केवटी/कमला नहर प्रमंडल, जयनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा अपने स्तर से संबंधित संवेदक को बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

15.5.26
(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः—(मो0)2 दरभंगा—183 / 2023—1016 / पटना, दिनांक : 15-05-2026

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई तथा विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

15.5.26

(अनवर जमील)

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन